नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

(संवत् १९५० वि० में स्थापित)

東京外国語大学図書館
0000663897

सरसठवा वार्षिक विवरण

(सं० २०१६ वि०)

東京外国語大学
図書館蔵書
663897
平成 22 年度

नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

सरसठवाँ वार्षिक विवरण

(सं० २०१६ वि०)

[क] सभासद

इस वर्ष के अंत में सभा के समस्त सदस्यों की संख्या २६१७ रही। इनमें १३ वाचस्पत्य, ५४ मान्य, ८१ विशिष्ट, ६०७ स्थायी तथा २१६२ साधारण सभासद थे।

[ख] अधिवेशन

इस वर्ष साधारण सभा का एक और प्रबंध समिति के ६ सामान्य तथा ३ विशेष अधिवेशन हुए जिनमें सदस्यों की सामान्य उपस्थिति क्रमानुसार १८, १५.५ तथा १० रही।

[ग] सभा के संरक्षक

सभा के संरक्षकों की संख्या इस वर्ष के अंत में ६ रही। इनकी नामसूची परिशिष्ट (१) में दी हुई है।

[घ] कार्याधिकारी

इस वर्ष सभा के कार्याधिकारी निम्नलिखित रहे : (१) सभापति : श्री पं० गोविंदवल्लभ जी पंत। (२) उपसभापति–१ : श्री डा० हजारीप्रसाद जी द्विवेदी। (३) उपसभापति–२ : श्री राजाराम जी शास्त्री। (४) प्रधानमंत्री : श्री डा० राजबली जी पांडेय। (५) साहित्यमंत्री : श्री डा० श्रीकृष्णलाल जी। (६) अर्थमंत्री : श्री मुरारीलाल जी केडिया। (७) प्रकाशनमंत्री : श्री डा० जगन्नाथप्रसाद जी शर्मा। (८) प्रचार मंत्री : श्री पं० करुणापति जी त्रिपाठी। (९) आयव्यय निरीक्षक : श्री मिश्र ब्रदर्स, वाराणसी। (१०) संपत्तिनिरीक्षक : श्री शुकदेव सिंह जी। (११) पुस्तकालयनिरीक्षक : श्री श्रीशचंद्र जी शर्मा।